

# टॉवर निर्माण मुआवजा विवाद : किसानों ने किया ऐलान, दाम नहीं तो काम नहीं

## मामला महान ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा किसानों की बिना सहमति नियम विरुद्ध टॉवर निर्माण का, किसानों, कंपनी और स्थानीय प्रशासन की बेनतीजा रही समन्वय बैठक को कलेक्टर के निर्णय का इंतजार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 31 मई। टावर निर्माण मुआवजा विवाद में किसानों ने ऐलान किया है कि दाम नही तो काम नही। मामला महान ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा किसानों की बिना सहमति नियम विरुद्ध टावर निर्माण का है। किसानों,**



**कंपनी व प्रशासन की बेनतीजा रही समन्वय बैठक को कलेक्टर के निर्णय का इंतजार है।**

शनिवार को आयोजित बैठक में किसानों के विवाद को सुलझाने में प्रयास किए गए किन्तु कम्पनी प्रबंधन के प्रतिनिधि अपनी शर्तों पर ही अड़े रहे। लिहाजा बैठक में कोई निर्णय नहीं हो सका। बैठक में दोनो पक्षों की सुनवाई करते हुए तहसीलदार महेन्द्र कुमार द्विवेदी ने निर्णय किया कि भारत सरकार और म.प्र. सरकार की मंशानुसार कंपनी पहले एक मुश्त क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित किसानों के खाते में डीवीटी के माध्यम से भुगतान करे फिर किसानों के खेत में टावर लगाने का काम शुरू करे अथवा जिला प्रशासन को खाते में अनुमानित क्षतिपूर्ति राशि जमा कराकर ही कंपनी काम शुरू कर सकती है। इन दोनो शर्तों से किसान तो सहमत हुए किन्तु कंपनी प्रबंधन के प्रतिनिधि इस बात से सहमत नहीं हुए। कंपनी प्रतिनिधि के द्वारा अपनी बात रखते हुए कहा गया कि गाइड लाइन चाहे जो हो कंपनी मुआवजा स्वत: से ही निर्धारित करेगी तथा मुआवजा का भुगतान किश्तों में ही देगी। कंपनी के प्रतिनिधि की बेतुका बात पर आपत्ति करते हुए कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार द्वारा कहा गया कि आपको नियम से ही कार्य करना होगा। जहां टावर लाइन का कार्य जरूरी है वहीं किसानों को अपना मुआवजा प्राप्त करना भी अधिकार है। आप यदि गाइड लाइन को पालन करने को तैयार नहीं हैं तो हम इसकी जानकारी वरिष्ट कार्यालय को देंगे। जब तक कलेक्टर के माध्यम से इस विवाद का कोई निर्णय नहीं हो जाता कंपनी अपने टावर लगाने के कार्य को बंद रखेगी। कलेक्टर सीधी से उम्मीद करते हैं कि वह किसानों के साथ न्याय करेंगे। बैठक में सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित टोंको-रोंको-ठोंको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी, अधिवक्ता अंबुज पाण्डेय एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सीधी प्रभात वर्मा ने कहा कि किसान अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ें हम सब आपके साथ हैं।

### टावर कंपनी पर किसानों को नहीं है भरोसा : उमेश

टोंको-रोको-ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने बताया है कि महान ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा टावर लाइन का कार्य किया जा रहा है जो सीधी जिले के कई गांव में हो रहा है। जानकारी में हो कि अडानी के थर्मल पावर हेतु सिंगरौली जिले में पुलिस के संगीनों के साए में जो लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं उसी हेतु यह टावर लाइन है। कंपनी द्वारा टावर लाइन के किये जा रहे कार्य में भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। कंपनी की मनमानी का प्रभावित किसान विरोध कर रहे हैं किसानों की आपत्ति के चलते जिला प्रशासन सीधी द्वारा समाधान हेतु तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम कुआं में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान, कलेक्टर प्रतिनिधि तथा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अपनी बात रखते हुए किसानों ने कहा कि कंपनी गाइड लाइन अनुसार 3 सदस्यी समिति किसान प्रतिनिधि, कलेक्टर प्रतिनिधि और कम्पनी प्रतिनिधि के माध्यम से मुआवजा निर्धारण ना करा कर स्वत: से मुआवजा मनमानी तौर पर नाम मात्र का किया जा रहा है। साथ ही गाइड लाइन अनुसार मुआवजा एक मुस्त और अग्रिम भी भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### इनका कहना है

टावर निर्माण हेतु प्रभावित किसानों को मुआवजे के लिए शासन के जो नियम-निर्देश हैं। उसके अनुसार जिला प्रशासन को जल्द निर्णय कर इस विवाद का समाधान निकालना चाहिए।

**डॉ .राजेश मिश्रा, सांसद लोकसभा क्षेत्र-सीधी**

मेरे संज्ञान में लाये गये मामले को गंभीरता से लेते हुए टावर निर्माण कार्य से प्रभावित किसानों के आवेदन पर जांच करा शासन द्वारा निर्धारित नियम-निर्देशों के आधार पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

**विकास मिश्रा, कलेक्टर सीधी**

किसानों, नायब तहसीलदार एवं कंपनी प्रतिनिधियों के बीच कल हुई बैठक बेनतीजा रही। अब कलेक्टर साहब के निर्देशन में उनके द्वारा फिर से बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में उनका प्रयास रहेगा कि जो भी इश्यू हैं वह पूरी तरह से सुलझ जाएं, कुछ निर्णय हो सके।

**विकास कुमार आनंद, एसडीएम, चुरहट/रामपुर नैकिन**

शासन की गाइडलाइन के अनुसार किसानों को मुआवजा का भुगतान कर दिया जाए। किसान काम रोंकने के पक्ष में नहीं हैं वे केवल नियमानुसार मुआवजा का भुगतान चाहते हैं। वहीं कंपनी इस पर तरह-तरह की बहानेबाजी कर रही है इस वजह से जिला प्रशासन के खाते में भी राशि अग्रिम जमा करा दी जाए तो किसान काम के लिए राजी हैं।

**अम्बुज पाण्डेय, समाजसेवी**

# खाद्य पदार्थ सस्ते दामों पर उपलब्ध कराए सरकार : अजय

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा पेट्रोल-डीजल पर राज्य करों में 50 प्रतिशत की कटौती की जाए

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राज्य में लगातार बढ़ रही कमरतोड़ महंगाई पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल और डीजल के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि का सीधा असर आम जनता के बजट पर पड़ा रहा है।**



परिवहन लागत बढ़ने के कारण बाजार में आवश्यक वस्तुओं और खाद्यान्न के दाम दो गुना तक बढ़ गए हैं जिससे आम नागरिक का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई से राहत के लिए सरकार पेट्रोल और डीजल पर वेट टैक्स में तत्काल 50 प्रतिशत की कटौती करे। इससे बाजार में सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम अपने आप नीचे आ जाएंगे। इसके अलावा सरकार तुरंत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से गेंहू, चावल, दाल, खाद्य तेल और शक्कर को नियंत्रित दामों पर आम जनता को उपलब्ध कराए। अजय सिंह ने कहा कि इस भीषण महंगाई की सबसे मारक चोट गरीब परिवारों पर पड़ी है। इसके साथ ही अन्य वर्ग भी इस आर्थिक संकट की चपेट में आकर पूरी तरह त्राहि-त्राहि कर रहा है, ये सभी अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण अब घर चलाना तो मुश्किल हो ही गया है साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाना भी असंभव होता जा रहा है। श्री सिंह ने कहा है कि यदि सरकार ने टैक्स कम करके और सस्ते राशन की व्यवस्था कर राहत नहीं पहुंचाई, तो जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

# प्रशासन, ग्रामीणों और कम्पनी के सहयोग से सुलझा 17 वर्षों पुराना विवाद, प्रभावितों को मिला मुआवजा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। जिले के रामपुर नैकिन क्षेत्र में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट और स्थानीय ग्रामीणों के बीच लगभग 17 वर्षों से चला आ रहा विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। लंबे समय से मुआवजे एवं मकानों को हुए नुकसान को लेकर जारी इस विवाद में शनिवार को महत्वपूर्ण सहमति बनी, जिसके बाद 29 प्रभावित परिवारों को मुआवजा प्रदान किया गया।**



जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की खदान एवं माइनिंग क्षेत्र के आसपास स्थित कई मकानों को लेकर ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर आंदोलन, धरना-प्रदर्शन तथा प्रशासन से शिकायतें की जाती रही थीं लेकिन वर्षों तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देश पर तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा एवं थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी को दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित कर वार्ता कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिकारियों के सतत प्रयासों एवं सकारात्मक पहल के परिणाम स्वरूप प्लांट प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद शनिवार शाम लगभग 6 बजे विवाद का समाधान हो गया। सहमति के तहत कुल 29 प्रभावित परिवारों को उनके मकानों के एवज में उचित मुआवजा प्रदान किया गया। मुआवजा प्राप्त होने के बाद सभी परिवारों ने स्वेच्छा से अपने मकान खाली कर दिए। इसके उपरांत सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार आशीष मिश्रा एवं थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी की उपस्थिति में खाली कराए गए सभी 29 मकानों को ध्वस्त कराया गया। प्रशासन के अनुसार यह क्षेत्र माइनिंग जोन में आता है जहां निवास करना भविष्य में जोखिमपूर्ण साबित हो सकता था।

वर्षों से लंबित इस विवाद का समाधान प्रशासन, प्लांट प्रबंधन एवं ग्रामीणों के आपसी सहयोग और समझदारी से संभव हो सका। इस पूरी प्रक्रिया में प्लांट प्रबंधन द्वारा अत्यंत सहयोगात्मक एवं संवेदनशील रुख अपनाया गया। इकाई प्रमुख विनीत भटनागर, मानव संसाधन प्रमुख अभिषेक शर्मा, प्रशासन एवं कर्मचारी संबंध विभाग प्रमुख दिनेश शर्मा, भूमि विभाग प्रमुख भूपेन्द्र सिंह तथा सीएसआर विभाग की टीम ने समाधान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं बुढ़गौना सरपंच सचिन सिंह ने भी विवाद समाप्त कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया। ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन एवं प्रशासन की सराहना करते हुए इसे वर्षों पुराने संघर्ष का सुखद और सकारात्मक अंत बताया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी आयोजित करेगी विविध भव्य कार्यक्रम : त्रिपाठी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई।**




बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक और स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केन्द्र से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न प्रकार के भव्य कार्यक्रम आयोजित करने वाली है जिसमें प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधियों की पदयात्रा, मीडिया संवाद, जन कल्याणकारी शिविर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण, विशेष जनसंपर्क अभियान, मोदी सरकार की उपलब्धियां पर प्रदर्शनी, बैठके, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, स्वास्थ्य शिविर सहित अनेक प्रकार के कार्यक्रम होंगे। सभी कार्यक्रम भव्य प्रभावी और शानदार हो, इसकी योजना रचना करें। भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम आज संपूर्ण जिले के प्रत्येक बूथ केंद्र पर योजनाबद्ध तरीके से सुना गया। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा आगामी दिनों में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों को भी प्रभावी और उत्साह पूर्वक करें।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, आभार प्रदर्शन अखिलेश पाण्डेय, स्वागत भाषण शिवदान साकेत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठ, संजय सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष विश्व बंधुधर द्विवेदी, ऊषा गोपाल पटेल, जिला महामंत्री चंद्रपाल सिंह उइके, सूर्य प्रताप सिंह, उमाशंकर यादव, लवकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे, सह कार्यालय मंत्री संदीप सिंह गहरवार, मोर्चा अध्यक्ष हरिकेश साकेत, कृष्णपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष सूबेदास यादव, पंकज पाण्डेय, कपूर चंद साहू, केके मिश्रा, आशीष कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार पाण्डेय, राम सजीवन कचेर सहित जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मोर्चो जिला एवं मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षकों के लिए राहत की अपील

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जो देशभर में 14 लाख से अधिक शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाला शिक्षक संगठन है, शिक्षक पात्रता परीक्षा ( टीईटी ) प्रकरण से संबंधित समीक्षा याचिका पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय से उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर गहरी चिंता एवं पीड़ा व्यक्त करता है।**

इस निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षकों में व्यापक असंतोष एवं गंभीर मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है जो वर्षों से समर्पण एवं निष्ठा के साथ विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रभावित शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू सरकारी नियमों एवं अधिसूचनाओं के अंतर्गत सक्षम प्राधिकरणों द्वारा विधिवत प्रक्रिया अपनाकर की गई थी। इनमें से अनेक शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में समर्पित किए हैं तथा ग्रामीण, शहरी एवं वंचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।वर्तमान कानूनी स्थिति के कारण लाखों शिक्षकों को वर्षों की सेवा देने के बावजूद अपूरणीय क्षति उठानी पड़ सकती है। उनकी सेवा स्थितियों को लेकर उत्पन्न अचानक अनिश्चितता विद्यालयों के संचालन एवं समग्र शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। यह विषय मानवीय एवं प्रशासनिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: इसमें सरकार के त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि आगामी संसद के मानसून सत्र में उपयुक्त अध्यादेश अथवा विधायी संशोधन लाकर प्रभावित शिक्षकों को तत्काल राहत प्रदान करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने सेवानिवृत्त हो रहे अधीक्षण अभियंता का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी द्वारा अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी के कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त होने जा रहे अधीक्षण अभियंता पंचराज तिवारी का सम्मान कर उन्हें विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया।**




इस अवसर पर नवागत अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी शिवेंद्र सिंह बघेल प्रभारी का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही जन्मेजय सिंह कार्यपालन अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी, अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सहायक अभियंता तथा वरिष्ठ स्टेनो एस.के. सिंह का भी पेंशनर्स द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की ओर से भीमसेन सिंह, रविनंदन पाण्डेय, ए.पी.एल.गुप्ता, के.पी. नामदेव, नागेंद्र बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह, एच.एल. यादव, रविकरण गुप्ता, रविंद्रनाथ गुप्ता, सुखराज सिंह, मो.वारिस अंसारी, भगवानदीन वर्मा, पतिराज सिंह, छोटेलाल शर्मा, विष्णु बहादुर श्रीवास्तव, रामनाथ केवट सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे। समारोह में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी, एसडीएम एवं एसटीसी कार्यालय के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने पंचराज तिवारी के सफल एवं गौरवपूर्ण सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# वन्यजीवों को पानी के लिए जंगलों में किए जा रहे कच्चे सोसर निर्मित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। वन मंडल में भीषण गर्मी के बीच वन्यजीवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए वन विभाग ने 34 कच्चे सोसर जल संरचनाओं का निर्माण कराया है। इस पहल से जंगल में रहने वाले जानवरों को बढ़ते तापमान में राहत मिलेगी।**



बरमबाबा बीट अंतर्गत ग्राम बहेरहा क्षेत्र में हाल ही में एक नए सोसर का निर्माण किया गया। इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते तापमान काफी ज्यादा है। जिससे प्राकृतिक जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। कई छोटे तालाब और नाले पानी की कमी से प्रभावित हैं जिस कारण वन्यजीवों को पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने जंगल के विभिन्न हिस्सों में ये कच्चे सोसर तैयार किए हैं। इन स्थानों पर नियमित रूप से पानी भरने की व्यवस्था की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में ही पानी उपलब्ध कराना है ताकि वे आबादी वाले क्षेत्रों की ओर न जाएं और मानव वन्यजीव संघर्ष की स्थिति को कम किया जा सके। बरमबाबा बीट का जंगल शेर, भालू, सियार सहित कई अन्य वन्यजीवों का महत्वपूर्ण आवास है। गर्मी के दिनों में इन जानवरों के लिए पानी की उपलब्धता बनाए रखना वन विभाग की एक बड़ी जिम्मेदारी है। विभाग के इस प्रयास को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### इनका कहना है

वन परिक्षेत्र में कुल 34 सोसरों का निर्माण किया गया है। इन सभी स्थानों पर समय-2 पर पानी भरने और उनकी निगरानी की व्यवस्था भी की जा रही है जिससे गर्मी के दौरान वन्य प्राणियों को पानी की कमी से जूझना न पड़े।

**पंकज मिश्र**

**वनपाल, बरमबाबा बीट**






# नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डॉ .राजेश

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली, नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 31 मई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, कलेक्टर विकास मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली पूजा पार्क से प्रारंभ होकर गांधी चौक पहुंची, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात रैली पुन: पूजा पार्क स्थित गायत्री मंदिर परिसर में संपन्न हुई। रैली में शामिल विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने तंबाकू विरोधी नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति की दिशा में जन-जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं अन्य नशे की लत से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने की अपील की।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण सामूहिक सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया। अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत एवं उप संचालक धनंजय मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले कैंसर, टीबी, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता एवं उपस्थिति

कार्यक्रम में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, जन अभियान परिषद, ब्रह्मकुमारी संस्था, गायत्री परिवार तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला सदस्यों सहित विभिन्न विभागों एवं सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं संजय गांधी महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, डिप्टी कलेक्टर एवं सीएमओ प्रिया पाठक, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुकेश गौर सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।